## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 05.03.2026 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से आज गुजर रही है दुनिया, केवल सैन्य संघर्ष से नहीं हो सकता किसी भी मुद्दे का समाधान।**
**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पैतृक गांव नेमरा में विकास कार्यों का लिया जायजा,** .2
**अधिकारियों को तालाबों के संरक्षण के दिए निर्देश, कहा– विकास कार्यों में सुनिश्चित हो गुणवत्ता**
3. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा–नीतीश कुमार का कार्यकाल सुनहरे अध्याय के रूप में किया जाएगा याद, जदयू विधायक सरयू रॉय ने राज्यसभा भेजे जाने को बताया बड़ी साज़िश।**

**और**

4. **आई.सी.सी. टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में आज भारत और इंग्लैंड की टीमें आमने–सामने**

**********************

भारत और फिनलैंड के बीच आज नई दिल्ली में पर्यावरण सहयोग, प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी तथा सांख्यिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति आलेक्सांदर स्तूब के साथ कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है।

**********************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में चार डिजिटल उपकरणों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष 2027 की जनगणना के लिए महिलाओं और पुरुषों के प्रतीक शुभंकर – प्रगति और विकास का औपचारिक अनावरण किया। गृह मंत्रालय ने कहा है कि जनगणना–2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज अपने पैतृक गांव नेमरा में बाहा पूजा के अवसर पर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ गांव के तालाब का जायजा लिया और जल संरक्षण, साफ–सफाई तथा सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तालाबों के संरक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री सामुदायिक भवन पहुंचे, जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को बाहा पूजा की शुभकामनायें भी दीं।

**********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा की सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी है। श्री मरांडी ने कहा कि

मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल राज्य के इतिहास में एक सुनहरे अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

इधर, झारखंड में जदयू के एकमात्र विधायक सरयू राय ने आरोप लगाया है कि बिहार की राजनीति में एक सुनियोजित रणनीति के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को किनारे किया गया है, जिसका सबसे अधिक नुकसान जदयू के कार्यकर्ताओं को उठाना पड़ेगा।

*****************

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में 26 युवा चिकित्सा पेशेवरों को पुरस्कार प्रदान किए। डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए युवा चिकित्सकों को करियर के प्रारंभिक चरण में ही सम्मानित करना महत्वपूर्ण है। चिकित्सा प्रणाली के बदलते स्वरूप के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि नई तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के आगमन से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है।

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले में आयुष चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला आयुष समिति की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कुचाई प्रखंड के कई गांवों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अभिनय और गीतों के माध्यम से आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

*****************

गिरिडीह जिले में लगभग 60 युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की है। कान्दू टोला, पचम्बा के इन युवाओं ने राज्य सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार की उपस्थिति में पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर मंत्री ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों से शहरी क्षेत्रों में झामुमो की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

*****************

लोहरदगा में समाहरणालय मैदान में दो दिवसीय साहित्य एवं फिल्म महोत्सव कल से शुरू होगा। उपायुक्त डॉक्टर कुमार ताराचंद ने बताया कि महोत्सव में चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें रांची–लोहरदगा नैरोगेज रेल मार्ग पर आधारित फिल्म "गाड़ी लोहरदगा मेल" भी शामिल है।

*****************

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची रेल मंडल आठ मार्च को विशेष मेमू ट्रेन चलाएगा। रांची–इरगांव मेमू पैसेंजर सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर रांची स्टेशन से रवाना होगी और इसका संचालन पूरी तरह महिला कर्मियों द्वारा किया जाएगा। ट्रेन में लोको पायलट, गार्ड, टीटीई और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी महिलाओं के पास होगी। रेलवे के अनुसार यह पहल रेल संचालन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण का प्रतीक है।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य में कोडरमा, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ समेत 11 जिलों में नौ मार्च को बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। इसके अलावा एक अन्य पूर्वानुमान के मुताबिक़ सात से दस मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है। इस दौरान गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

**<u>*****************</u>**

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में आज भारत और इंग्लैंड की टीमें आमने–सामने हैं। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है, जहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले सेमीफाइनल में कल रात न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा दिया।

**<u>********समाप्त*********</u>**